# रोजगार सूचना

भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

## दक्षिण मध्य क्षेत्रीय कार्यालय, हैदराबाद

## भारतीय जीवन बीमा निगम
## प्रशिक्षु विकास अधिकारियों की भर्ती

भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) अपने दक्षिण मध्य क्षेत्रीय कार्यालय, हैदराबाद, के अधीन विविध मंडल कार्यालयों के अधिकार क्षेत्र में प्रशिक्षु विकास अधिकारियों के पद पर नियुक्ति के लिए पात्र योग्य उम्मीदवारों, जो कि भारतीय नागरिक हो, से चयन हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है। उम्मीदवारों को हमारी वेबसाइट https://licindia.in/Bottom-Links/careers पर दिए गए लिंक के माध्यम से आवेदन करना होगा । आवेदन के कोई अन्य माध्यम/प्रणाली को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### 1. रिक्तियां

अनुसूचित जाति ,अनुसूचित जनजाति ,अन्य पिछड़ा वर्ग ,आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए आरक्षण निम्नानुसार होगा–:

| क्र. | मंडलकार्यालयकानाम | अनारक्षित | अनुसूचितजाति | | अनुसूचितजनजाति | | अन्यपिछड़ावर्ग | | आर्थिक रूपसे कमजोर वर्ग | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | वर्तमान | बैकलॉग | वर्तमान | बैकलॉग | वर्तमान | बैकलॉग | | |
| **1** | कडपा | 36 | 6 | 9 | 4 | 5 | 15 | 6 | 9 | **90** |
| **2** | हेदराबाद | 29 | 10 | 6 | 3 | 5 | 17 | 12 | 9 | **91** |
| **3** | करीमनगर | 14 | 7 | 3 | 3 | 1 | 7 | 3 | 4 | **42** |
| **4** | मछलीपट्टनम | 44 | 12 | 9 | 4 | 4 | 17 | 11 | 11 | **112** |
| **5** | नेल्लोर | 36 | 12 | 5 | 7 | 5 | 14 | 7 | 9 | **95** |
| **6** | राजमुंदरी | 23 | 14 | 5 | 5 | 3 | 9 | 4 | 6 | **69** |
| **7** | सिकंदराबाद | 34 | 14 | 5 | 1 | 4 | 27 | 0 | 9 | **94** |
| **8** | विशाखापत्तनम | 18 | 7 | 7 | 3 | 3 | 12 | 2 | 5 | **57** |
| **9** | वारंगल | 23 | 11 | 3 | 0 | 0 | 17 | 2 | 6 | **62** |
| **10** | बंगलौर- I | 39 | 10 | 14 | 1 | 5 | 14 | 21 | 11 | **115** |
| **11** | बंगलौर- II | 57 | 3 | 16 | 4 | 4 | 13 | 9 | 11 | **117** |
| **12** | बेलगाम | 23 | 7 | 7 | 0 | 5 | 8 | 10 | 6 | **66** |
| **13** | धारवाड़ | 23 | 4 | 9 | 4 | 3 | 11 | 11 | 7 | **72** |
| **14** | मैसूर | 47 | 8 | 10 | 4 | 5 | 12 | 12 | 10 | **108** |
| **15** | रायचूर | 27 | 7 | 9 | 6 | 3 | 10 | 13 | 8 | **83** |
| **16** | शिमोगा | 21 | 1 | 6 | 2 | 4 | 5 | 7 | 5 | **51** |
| **17** | उडुपी | 33 | 7 | 11 | 1 | 5 | 6 | 13 | 8 | **84** |
| **18** | **कुल** | **527** | **140** | **134** | **52** | **64** | **214** | **143** | **134** | **1408** |

रिक्तियों की कुल संख्या, आरक्षित रिक्तियों की संख्या सहित, उम्मीदवारों की अंतिम चयन के समय वास्तविक रिक्तियाँ और साक्षात्कार के बाद,सफल उम्मीदवारों की उपलब्धता के आधार पर घट या बढ़ सकती है। विभिन्न श्रेणियों के अधीन आरक्षण अंतिम परिणाम के समय लागू सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार होगा ।

एलआईसी कर्मचारियों के प्रवर्ग से भर्ती किए जाने वाले प्रशिक्षु विकास अधिकारियों की संख्या 15% से अधिक नहीं होगी , एलआईसी अभिकर्ता प्रवर्ग से भर्ती किए जाने वाले प्रशिक्षु विकास अधिकारियों की संख्या 25% से अधिक नहीं होगी और अन्य प्रवर्ग (ओपन मार्केट) से भर्ती किए जाने वाले प्रशिक्षु विकास अधिकारियों रिक्तियों की संख्या 60% से अधिक नहीं होगी।

2. **<u>परीक्षा की समय सारणी:</u>**

| | |
|---|---|
| **आवेदन के ऑन-लाइन पंजीकरण और आवेदन शुल्क / सूचना शुल्क के ऑनलाइन भुगतान की प्रारंभिक तिथि** | **21 जनवरी 2023** |
| **आवेदन के ऑन-लाइन पंजीकरण और आवेदन शुल्क/ सूचना शुल्क के ऑनलाइन भुगतान की अंतिम तिथि।** | **10 फरवरी 2023** |
| **ऑन-लाइन परीक्षा के लिए कॉल लेटर डाउनलोड (अनुमानित)** | **4 मार्च 2023 से** |
| **ऑनलाइन प्रारंभिक परीक्षा की तिथि** | **12 मार्च 2023** |
| **ऑनलाइन मुख्य परीक्षा की तिथि** | **8 अप्रैल 2023** |

**एलआईसी ऑफ इंडिया किसी भी आपात स्थिति के मामले में परीक्षा की समय सारणी को संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।**

उम्मीदवारों को सलाह दी जाति है की वे विवरण और अपडेट के लिए नियमित रूप से अधिकृत एलआईसी वेबसाइट – https://licindia.in/Bottom-Links/careers देखें।

**<u>3. कार्य का स्वरूप:</u>**

- यह मुख्य रूप से एक विपणन कार्य है, जिसमें सम्पूर्ण आवंटित कार्य-क्षेत्र के दौरों के रूप में काफी गतिशीलता शामिल है।
- चयनित उम्मीदवारों को जीवन बीमा अभिकर्ता (एजेंट) के रूप में नियुक्त करने के लिए उपयुक्त व्यक्तियों को खोजने की आवश्यकता होगी और उन्हें प्रायोजित करना होगा। इस तरह अभिकर्ताओं की एक मज़बूत टीम बनानी होगी।
- वे अपने एजेंटों की टीम को प्रशिक्षण और मार्गदर्शन देंगे और टीम के माध्यम से निगम के लिए बीमा व्यवसाय करेंगे ।
- उन्हें पॉलिसियों की बिक्री के बाद पॉलिसीधारकों को त्वरित सेवा देने की भी आवश्यकता होगी।

प्रशिक्षु विकास अधिकारी के रूप में भर्ती शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए है और चयनित उम्मीदवारों को इन क्षेत्रों में काम करना होगा। **तथापि, यह संभावना है कि चयनित उम्मीदवारों में से कुछ को क्षेत्रीय कार्यालय के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत निकट के मंडल कार्यालय/कार्यालयों के क्षेत्राधिकार में नियुक्त किया जा सकता है।**

**यह स्पष्ट किया जाता है कि प्रशिक्षु विकास अधिकारी के रूप में नियुक्ति ,उम्मीदवारों को परिवीक्षाधीन विकास अधिकारी के रूप में नियुक्त होने का कोई अधिकार प्रदान नहीं करती है ।**

**4. <u>पारिश्रमिक व हितलाभ :</u>**

प्रशिक्षु कार्यकाल के दौरान चयनित प्रशिक्षु विकास अधिकारी को, निगम के नियमानुसार, वृत्तिका के रूप में प्रतिमाह एक **निश्चित राशि का भुगतान किया जाएगा ।** एक प्रशिक्षु विकास अधिकारी (कर्मचारी प्रवर्ग के अतिरिक्त) को प्रशिक्षु कार्यकाल प्रारम्भ होने की तिथि से विकास अधिकारी को देय वेतनमान का न्यूनतम मूल वेतन और उस पर महंगाई भत्ते के बराबर वृत्तिका भुगतान किया जाएगा । एलआईसी कर्मचारी वर्ग से चयनित अभ्यर्थियों को छोड़कर वर्तमान में वृत्तिका की राशि लगभग ₹/- 51500 प्रतिमाह होगी ।

परिवीक्षाधीन विकास अधिकारी को एक निर्दिष्ट मुख्यालय पर नियुक्ति के लिए , निगम के नियमानुसार , वेतनमान क्रमशः ₹. 35,650-2200(2)-40,050-2595(2)-45,240-2645(17)-90,205 व स्वीकार्य भत्ते और अन्य लाभ देय रहेंगे । परिवीक्षाधीन विकास अधिकारी के रूप में नियुक्ति पर मूल वेतन 35650 रु. प्रतिमाह (कर्मचारी वर्ग से चयनित वर्ग से चयनित अभ्यर्थियों को छोड़कर) वेतनमान ₹. **35650-2200(2)-40050-2595(2)-45240-2645 (17)-90205** के तहत एंव अन्य स्वीकार्य भत्ते नियमानुसार देय होंगे । शहर के वर्गिकरण के आधार पर , जहां भी स्वीकार्य, मकान किराया भत्ता और नगर प्रतिकारात्मक भत्ता को मिलाकर कुल वित्तलब्धि, 'ए' शहर में वेतनमान के न्यूनतम स्लैब पर अनुमानित ₹. 56500/ – प्रतिमाह होगी ।
अन्य लाभों में ग्रेच्युटी ,परिभाषित अंशदायी पेंशन योजना ,एलटीसी ,चिकित्सा लाभ ,समूह बीमा ,समूह व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा , वाहन अग्रिम (दोपहिया/चार–पहिया वाहन) , ब्रीफ केस/चमड़े के बैग ,मोबाइल हैंडसेट की लागत की प्रतिपूर्ति, नियमानुसार देय होगी । सेवा में स्थायीकरण के पश्चात आकर्षक विपणन प्रदर्शन आधारित प्रोत्साहन के लिए पात्र हो सकते हैं।

**5. प्रशिक्षुता अवधि:**

एक प्रशिक्षु विकास अधिकारी को भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा तय अवधि के लिए क्लासरूम तथा फिल्ड विक्रय प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षुता की अवधि प्रशिक्षण शुरू होने की तारीख से शुरू होगी।

**6. परिवीक्षा:**

एक प्रशिक्षु विकास अधिकारी ,जो सफलतापूर्वक प्रशिक्षु कार्यकाल पूरा करता है तथा भर्ती प्राधिकरण की राय में ,निगम की सेवा में नियुक्ति के लिए उपयुक्त है ,को परिवीक्षाधीन विकास अधिकारी के रूप में नियुक्त किया जा सकता है और उसे परिवीक्षा पर रखा जाएगा। परिवीक्षा की अवधि एक वर्ष के लिए होगी ,जिसे दो वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है। विकास अधिकारी के रूप मे स्थायीकरण प्रदर्शन मूल्यांकन के अधीन होगा ।

**7. 01.01.2023 के अनुसार योग्यता की शर्तें :**

भर्ती के लिए पात्र उम्मीदवारों को तीन प्रवर्गों में वर्गीकृत किया गया है ,अर्थात् एलआईसी अभिकर्ता प्रवर्ग ,एलआईसी कर्मचारी प्रवर्ग और अन्य ( ओपन मार्केट ) प्रवर्ग ।

**'एलआईसी अभिकर्ता प्रवर्ग ' का अर्थ है-**

(i) ऐसा कोई व्यक्ति जो भारतीय जीवन बीमा निगम से संबंधित बीमा की पॉलिसियों की निरंतरता ,नवीनीकरण या पुनःप्रवर्तन से संबंधित व्यवसाय सहित बीमा कारोबार याचित करने या उपाप्त करने के प्रयोजन के लिए निगम द्वारा नियुक्त या नियोजित किया गया हो ; **अथवा**
(ii) ऐसा कोई व्यक्ति जिसे भारतीय जीवन बीमा निगम ( अभिकर्ता) विनियम 2017 के अधीन अभिकर्ता के रूप में नियुक्त किया गया हो ।

**'एलआईसी कर्मचारी प्रवर्ग ' का अर्थ** एलआईसी ऑफ इंडिया का तृतीय प्रवर्ग का पूर्णकालिक वैतनिक कर्मचारी है।

**'अन्य प्रवर्ग 'का अर्थ** ओपेन मार्केट से उम्मीदवार है।

इस संदर्भ में यह स्पष्ट किया जाता है की अभिकर्ता की पति/ पत्नी , प्रशिक्षु विकास अधिकारी की नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा ।

***अ) शैक्षिक योग्यता :***

(i) एलआईसी कर्मचारियों की प्रवर्ग और एलआईसी अभिकर्ता की प्रवर्ग हेतु शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में – आवेदक के पास किसी मान्यता प्राप्त भारतीय विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातक की डिग्री या भारतीय बीमा संस्थान ,मुंबई की फैलोशिप होनी चाहिए।

(ii) अन्य प्रवर्ग के आवेदक को शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में, प्रशिक्षु विकास अधिकारी के रूप में भर्ती हेतु भारत में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक की डिग्री होनी चाहिए ,जो किसी क़ानून के तहत स्थापित हो या इस उद्देश्य के लिए अनुमोदित हो **या** भारतीय बीमा संस्थान ,मुंबई की फैलोशिप होनी चाहिए ।

उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनके द्वारा प्राप्त शैक्षिक योग्यता विज्ञापन में उल्लिखित निर्धारित शैक्षणिक योग्यता के अनुसार हो और वे उपरोक्त पात्रता मानदंड को पूरा करते हों। किसी भी समकक्ष शैक्षणिक योग्यता को पात्र नहीं माना जाएगा । जैसा कि यहां उल्लेख किया गया है ,स्नातक की डिग्री सरकारी नियामक निकायों द्वारा अनुमोदित सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान / बोर्ड से होनी चाहिए और परिणाम 01.01.2023 को या उससे पहले घोषित किया होना चाहिए तथा साक्षात्कार के समय, परिणाम 01.01.2023 को या उससे पहले घोषित होने के बोर्ड/ विश्वविद्यालय से उचित दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। परीक्षा उत्तीर्ण करने की तिथि , जो पात्रता के लिए गणना की जाती है ,वह अंक पत्र/वैकल्पिक प्रमाण पत्र पर प्रदर्शित होने की तिथि होगी।

**ब) आयु:**

(i) **आवेदक की न्यूनयतम आयु दिनांक 01.01.2023 को 21 वर्ष (पूर्ण वर्ष में) और अधिकतम 30 वर्ष (पूर्ण वर्ष में) से अधिक नहीं होनी चाहिए। अर्थात दिनांक 01.01.2023 को उम्मीदवार का जन्म 02.01.1993 से पहले न हुआ हो और 01.01.2002 के बाद न हुआ हो (दोनों दिन सम्मिलित)**

(ii) नीचे दिए गए समूह से संबंधित आवेदक की ऊपरी आयु सीमा (**पूर्ण वर्षों में) 01.01.2023** को नीचे उल्लिखित आयु से अधिक नहीं होगी– :

| क्र. | **प्रवर्ग** | **आयु सीमा वर्षों में** |
|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) |
| 1. | अन्य पिछड़े वर्ग के सदस्य (क्रीमी लेयर के लोगो के अलावा ) | 33 |
| 2. | अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का सदस्य। | 35 |
| 3. | एलआईसी कर्मचारी जो अ.जा. या अ.ज. या अ.पि.व. का सदस्य नहीं है। | 42 |
| 4. | एलआईसी कर्मचारी जो अन्य पिछड़े वर्ग का सदस्य है (क्रीमी लेयर के अलावा) | 45 |
| 5. | एलआईसी कर्मचारी जो अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का सदस्य है। | 47 |
| 6. | एलआईसी अभिकर्ता / अभिकर्ता के अतिरिक्त (डाइरैक्ट सेल्स एसोशिएट / फ़ाइनेंष्यल सर्विस एक्सिकुटिव )जो अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति या अन्य पिछड़े वर्ग का सदस्य नहीं है। | 40 |
| 7. | एलआईसी अभिकर्ता / अभिकर्ता के अतिरिक्त डाइरैक्ट सेल्स एसोशिएट / फ़ाइनेंष्यल सर्विस एक्सिकुटिव जो अन्य पिछड़े वर्ग का सदस्य (क्रीमी लेयर के अलावा )है । | 43 |
| 8. | एलआईसी अभिकर्ता / अभिकर्ता के अतिरिक्त डाइरैक्ट सेल्स एसोशिएट / फ़ाइनेंष्यल सर्विस एक्सिकुटिव जो अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का सदस्य है । | 45 |
| 9. | भूतपूर्व सैनिक | 30 एवं सशस्त्र बलों में सेवा के वर्षों की संख्या में वृद्धि के अधीन अधिकतम आयु 45 वर्ष , यदि वह अन्य पिछड़े वर्ग का सदस्य है और 47 वर्ष यदि वह अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का सदस्य है, और अधिकतम 42 वर्ष यदि वह अनुसूचित जाती,अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़े वर्ग के अलावा अन्य वर्ग का |

| | | |
|---|---|---|
| | | है । |
| 10 . | अन्य सभी ( उपरोक्त प्रवर्गों को छोड़कर) | 30 |

**क) अनुभव:**

आवेदक को **01.01.2023 को अपेक्षित अनुभव निम्नानुसार है** –:

| **आवेदक की प्रवर्ग** | **शहरी क्षेत्र में भर्ती के लिए** | **ग्रामीण क्षेत्र में भर्ती के लिए** |
|---|---|---|
| i) एलआईसी कर्मचारी प्रवर्ग | भारतीय जीवन बीमा निगम में श्रेणी III के पद में स्थायी के बाद 3 वर्ष से कम सेवा न हो । | |
| ii) एलआईसी अभिकर्ता प्रवर्ग | एलआईसी अभिकर्ता / अभिकर्ता के अतिरिक्त (डाइरैक्ट सेल्स एसोशिएट / फ़ाइनेंष्यल सर्विस एक्सिकिटिव ) के रूप में 5 वर्ष से कम कार्य न किया हो एंव पिछले तुरंत प्रारंभ हुए 5 वित्तीय वर्षों में कम से कम 5 लाख शुद्ध प्रथम वर्षीय प्रीमियम आय अर्जित किया हो एंव इन 5 वर्षों में से , किन्ही 3 वर्षों में , प्रत्येक में कम से कम 50 जीवनो पर 1,00,000/- रु. शुद्ध प्रथम वर्षीय प्रीमियम आय अर्जित की हो । | एलआईसी अभिकर्ता / अभिकर्ता के अतिरिक्त (डाइरैक्ट सेल्स एसोशिएट / फ़ाइनेंष्यल सर्विस एक्सिकिटिव ) के रूप में 4वर्ष से कम कार्य न किया हो और पिछले 4 वित्तीय वर्षों में से किसी 3 में प्रति वर्ष 50 जीवनो पर शुद्ध प्रथम वर्ष की प्रीमियम आय 1,00,000 से कम न हो । |
| iii) अन्य (ओपन मार्केट प्रवर्ग) | ऐसे उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी जिनके पास जीवन बीमा उद्योग या वित्तीय उत्पादों के विपणन में कम से कम 2 वर्ष का अनुभव है। | |

**नोट :**

शुद्ध प्रथम वर्ष प्रीमियम से अभिप्रेत है, किसी एलआईसी अभिकर्ता द्वारा तत्काल सुसंगत पूर्व संबन्धित वितीय वर्षों की संख्या के दौरान लाया गया प्रीमियम नगद या चेक के द्वारा , चेक के संबंध में जो बाद में अस्वीकृत नहीं किया गया है, जो नए व्यवसाय हेतु सहित प्रथम वर्ष के नवीकरण प्रीमियम लाया गया है जिसमें से कालातीत हुई प्रीमियम राशि से घटाने के बाद ऐसे प्रथम वर्ष प्रीमियम जिसे प्रशिक्षु विकास अधिकारी के रूप में भर्ती हेतु आवेदन की तारीख के संदर्भ में गिना जाता है।

(i) "ग्रामीण क्षेत्र "का अर्थ है 50,000 या उससे कम की निश्चित आबादी वाला क्षेत्र और कार्य–क्षेत्र की निश्चित आबादी 1.50 लाख से अधिक नहीं है।

(ii) "शहरी क्षेत्र "का अर्थ उस क्षेत्र से है जो ग्रामीण क्षेत्र नहीं है।

**उम्मीदवार ने जिस जगह के लिए आवेदन दिया हो, वहाँ की स्थानीय भाषा का ज्ञान वांछनीय है ।**

## 8. चयन प्रक्रिया:

चयन ऑन–लाइन परीक्षा व उसके बाद ऑनलाइन परीक्षा में अर्हता प्राप्त उम्मीदवारों के साक्षात्कार व बाद में भर्ती–पूर्व चिकित्सा परीक्षा के आधार पर किया जाएगा ।

**(I) अन्य (ओपन मार्केट ) प्रवर्ग के लिए ऑन लाइन टेस्ट:**

ओपन मार्केट प्रवर्ग के अभ्यर्थियों के लिए ऑनलाइन परीक्षा दो चरणों में होगी, अर्थात प्रारम्भिक एवं मुख्य परीक्षा । इन में अर्हता प्राप्त उम्मीदवारों का अंतिम चयन, साक्षात्कार एवं भर्ती–पूर्व चिकित्सा परीक्षा के आधार पर का किया जाएगा ।

**चरण-I: प्रारंभिक परीक्षा :**

वस्तुनिष्ठ परीक्षा से युक्त प्रारंभिक परीक्षा ऑनलाइन आयोजित की जाएगी। परीक्षा के निम्नानुसार तीन भाग (प्रत्येक अनुभाग के लिए अलग–अलग समय) होंगे :

| अनुभाग | परीक्षा का नाम | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम अंक | परीक्षा का माध्यम | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | तर्क क्षमता | 35 | 35 | अंग्रेजी और हिंदी | 20मिनट |
| 2 | संख्यात्मक योग्यता | 35 | 35 | अंग्रेजी और हिंदी | 20मिनट |
| 3 | अंग्रेज़ी भाषा | 30 | ** 30 | अंग्रेज़ी | 20मिनट |
| **कुल** | | 100 | 70 | | 1घंटा |

**अंग्रेजी भाषा की परीक्षा अर्हता प्रकृति की होगी और अंग्रेजी भाषा के अंकों को रैंकिंग के लिए नहीं गिना जाएगा।
प्रत्येक प्रवर्ग में रिक्तियों की संख्या के **20 गुना के** बराबर उम्मीदवारों को उपलब्धता आधार पर मुख्य परीक्षा के लिए चयनित किया जाएगा।

**चरण-II : मुख्य परीक्षा:**

वस्तुनिष्ठ प्रश्नों की मुख्य परीक्षा ऑनलाइन आयोजित की जाएगी। मुख्य परीक्षा में 160 अंकों के लिए 160 वस्तुनिष्ठ प्रश्न शामिल होंगे। **वस्तुनिष्ठ परीक्षा** की समग्र अवधि 120 **मिनट रहेगी ।**

| खंड | विषय | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम अंक | परीक्षा का माध्यम | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | तर्क क्षमता और संख्यात्मक योग्यता | **50** | **50** | अंग्रेजी और हिंदी | कुल 120 मिनट |
| 2 | सामान्य ज्ञान, करंट अफेयर्स और व्याकरण और शब्दावली पर विशेष महत्व के साथ अंग्रेजी भाषा | **50** | **50** | अंग्रेजी और हिंदी | |
| 3 | बीमा और वित्तीय विपणन जागरूकता जीवन बीमा और वित्तीय क्षेत्र के ज्ञान पर विशेष महत्व के साथ | **60** | **60** | अंग्रेजी और हिंदी | |
| **कुल** | | **160** | **160** | | |

**(II) एलआईसी अभिकर्ता और एलआईसी कर्मचारी प्रवर्ग के लिए ऑनलाइन परीक्षा :**

एलआईसी अभिकर्ता और एलआईसी कर्मचारी प्रवर्ग से प्रशिक्षु विकास अधिकारी का चयन **एकल चरण ऑनलाइन परीक्षा** यानी मुख्य परीक्षा के माध्यम से किया जाएगा।
वस्तुनिष्ठ प्रश्नों की मुख्य परीक्षा ऑनलाइन आयोजित की जाएगी। मुख्य परीक्षा में 160 अंकों की वस्तुनिष्ठ परीक्षा शामिल होगी। **वस्तुनिष्ठ परीक्षा की समग्र अवधि दो घंटे ,यानी 120 मिनट होगी।**

**a. एलआईसी अभिकर्ता की प्रवर्ग के लिए :**

| अनुभाग | परीक्षा का नाम | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम अंक | परीक्षा का माध्यम | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | तर्क क्षमता और संख्यात्मक योग्यता | 20 | 20 | अंग्रेजी और हिंदी | कुल 120 मिनट |
| 2 | सामान्य ज्ञान, करंट अफेयर्स और व्याकरण और शब्दावली पर विशेष महत्व के साथ अंग्रेजी भाषा | 20 | 20 | अंग्रेजी और हिंदी | |
| 3 | बीमा के तत्व व बीमा विपणन | 60 | 120 | अंग्रेजी और | |

| | | | | हिंदी | |
|---|---|---|---|---|---|
| **कुल** | | 100 | 160 | | |

**b.** **एलआईसी कर्मचारी प्रवर्ग के लिए:**

| अनुभाग | परीक्षा का नाम | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम अंक | परीक्षा का माध्यम | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | तर्क क्षमता और संख्यात्मक योग्यता | 20 | 20 | अंग्रेजी और हिंदी | कुल 120 मिनट |
| 2 | सामान्य ज्ञान, करंट अफेयर्स और व्याकरण और शब्दावली पर विशेष महत्व के साथ अंग्रेजी भाषा | 20 | 20 | अंग्रेजी और हिंदी | |
| 3 | बीमा विपणन का सिद्धांत एवं व्यवहार | 60 | 120 | अंग्रेजी और हिंदी | |
| **कुल** | | 100 | 160 | | |

भारतीय जीवन बीमा निगम इस परीक्षा की पद्धति को संशोधित करने का अधिकार रखती है जिसकी सूचना वेबसाइट के माध्यम से दी जाएगी। परीक्षा से संबंधित अन्य विस्तृत जानकारी **एक सूचना पत्रक (Information Handout)** में दी जाएगी जो उम्मीदवारों को एलआईसी की वेबसाइट www.licindia.in से कॉल लेटर के साथ डाउनलोड करने के लिए उपलब्ध कराई जाएगी।

उम्मीदवार को प्रत्येक अनुभाग के लिए अलग-अलग न्यूनतम योग्यता अंक प्राप्त करने होंगे । तथा प्रारंभिक और मुख्य, दोनों परीक्षाओं, और साक्षात्कार की अर्हता प्राप्त करने के लिए न्यूनतम औसत अंक प्राप्त करने होंगे। प्रत्येक पेपर और कुल में प्राप्त होने वाले न्यूनतम अंक एलआईसी ऑफ इंडिया द्वारा तय किए जाएंगे। ऑनलाइन परीक्षा और/या साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने वाले उम्मीदवारों की संख्या को रिक्त पदों की संख्या के अनुरूप सीमित करने के लिए, न्यूनतम अर्हक अंक तय करने का अधिकार निगम के पास सुरक्षित है। इस संबंध में भारतीय जीवन बीमा निगम का निर्णय अंतिम और उम्मीदवारों के लिए बाध्यकारी होगा। इस संबंध में किसी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

सही और गलत उत्तरों की समानता के पैटर्न का पता लगाने के लिए अन्य उम्मीदवारों के साथ व्यक्तिगत उम्मीदवारों की प्रतिक्रियाओं (उत्तरों ) का विश्लेषण किया जाएगा। यदि इस संबंध में अपनाई गई विश्लेषणात्मक प्रक्रिया में ,यह अनुमान/निष्कर्ष निकाला जाता है कि उत्तरों को साझा किया गया है और प्राप्त अंक वास्तविक/वैध नहीं हैं ,तो एलआईसी के पास संबंधित उम्मीदवार की उम्मीदवारी को रद्द करने का अधिकार है और ऐसे उम्मीदवारों के परिणाम को (अयोग्य) रोक दिया जाएगा।

विभिन्न सत्रों में (यदि होते है तो) प्रत्येक उम्मीदवार द्वारा प्राप्त अंकों को सम-प्रतिशत समान पद्धति का उपयोग करके सामान्यीकृत किया जाएगा।

**निम्नलिखित प्रक्रिया के उपयोग द्वारा परीक्षा के अंक निर्धारित किए जाएंगे :**

1. प्रत्येक वस्तुनिष्ठ परीक्षा में दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर की संख्या के आधार पर अंकों की गणना की जाएगी।
2. गलत उत्तरों के लिए कोई नकारात्मक अंकन नहीं होगा। हालांकि ,उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे यादृच्छिक अनुमान के माध्यम से उत्तरों को चिन्हित न करें।
3. समान अंक निर्धारित करने के लिए विभिन्न सत्रों में आयोजित प्रत्येक वस्तुनिष्ठ परीक्षा में कठिनाई स्तर (यदि कोई हो) छोटे अंतर को ध्यान में रखते हुए उम्मीदवार द्वारा प्राप्त किए गए अंकों को समकक्ष बनाया जाता है।
   * सभी प्रारूपों के अंक के वितरण पर विचार करते हुए, किसी भी परीक्षा में उम्मीदवार द्वारा प्राप्त किए गए अंकों को समकक्ष बनाया जाता है
4. परीक्षा वार स्कोर और कुल स्कोर को दो दशमलव बिन्दू तक दर्ज किया जाएगा ।

**(III)** ***साक्षात्कार:***

केवल मुख्य परीक्षा में प्राप्त अंकों को ही साक्षात्कार के लिए चयनित करने पर विचार किया जाएगा । मुख्य परीक्षा में प्राप्त अंकों और साक्षात्कार में प्राप्त अंकों पर उम्मीदवारों की अंतिम योग्यता सूची निर्भर होगी।

I. रिक्ति पदों की संख्या के अनुरूप, उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने के लिए एलआईसी, पात्रता मानकों को तय करने और साक्षात्कार में अर्हता प्राप्त करने के लिए न्यूनतम अंक भी तय करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। अधिकतम साक्षात्कार अंक **40** हैं।

II. दो या अधिक उम्मीदवारों के समान अंक आने के स्थिति मे , उम्मीदवारों के ऐसे समूह का योग्यता क्रम मुख्य परीक्षा और साक्षात्कार में कुल अंकों के अनुसार होगा और इसके बाद उनकी अतिरिक्त स्नातकोत्तर योग्यता के अनुसार होगा (अर्थात् किसी भी अतिरिक्त उच्च शैक्षिक योग्यता वाले व्यक्ति को योग्यता क्रम में ऊपर रखा जाएगा) और शैक्षिक योग्यता में भी समानता होने होने पर, योग्यता क्रम आयु के आधार पर तय किया जाएगा, (अर्थात् आयु में वरिष्ठ होने पर योग्यता क्रम में उचा स्थान दिया जाएगा)।

**मुख्य परीक्षा में सफल घोषित नहीं किए गए उम्मीदवारों के लिए कोई संभावित /प्रतीक्षा सूची नहीं होगी ।**

**(IV) <u>भर्ती पूर्व चिकित्सा परीक्षा:</u>**

चयनित उम्मीदवार को प्रशिक्षु विकास अधिकारी के रूप में नियुक्त किया जाएगा, बशर्ते कि वह इस उद्देश्य के लिए एलआईसी द्वारा प्राधिकृत चिकित्सा परीक्षक द्वारा चिकित्सकीय रूप से योग्य पाया जाए।

**9. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों के लिए परीक्षा-पूर्व प्रशिक्षण:**

अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों के लिए परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण का प्रावधान है। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवार जो परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण का लाभ उठाना चाहते हैं, उन्हें ऑनलाइन आवेदन दर्ज करते समय विकल्प का प्रयोग करना चाहिए। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति /अन्य पिछड़ा वर्ग के वे उम्मीदवार जिन्होंने ऑनलाइन आवेदन दर्ज करते समय परीक्षा–पूर्व प्रशिक्षण का विकल्प चुना है, भारतीय जीवन बीमा निगम के उस मंडल कार्यालय , जिसके लिए आवेदन किया है, के वरिष्ठ मंडल प्रबंधक से संपर्क कर सकते हैं । इन उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि से एक सप्ताह के अंदर संपर्क करना है। मण्डल कार्यालय पंजीकृत उम्मीदवारों को प्रशिक्षण की तिथि और स्थान की सूचना देगा। ऐसे उम्मीदवारों को नियत तारीखों पर और उन्हें बताए गए स्थान पर अपने खर्चे पर प्रशिक्षण में भाग लेना होगा। उम्मीदवारों को एलआईसी के मंडल कार्यालयों के पते के लिए वेबसाइट – https://licindia.in/Bottom-Links/careers देखना आवश्यक है ।

**10. परीक्षा केंद्र का चयन :**

- संबंधित कॉल लेटर में दिए गए स्थानों पर ऑनलाइन परीक्षा आयोजित की जाएगी।
- परीक्षा के लिए केंद्र/स्थल/तारीख/सत्र बदलने के अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।
- तथापि, भारतीय जीवन बीमा निगम, प्रतिक्रिया, प्रशासनिक व्यवहार्यता, आदि के आधार पर, अपने विवेक से किसी भी परीक्षा केंद्र को रद्द करने या कुछ अन्य केंद्रों को जोड़ने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
- भारतीय जीवन बीमा निगम उम्मीदवार को उसके द्वारा चुने गए केंद्र के अलावा किसी भी केंद्र को आवंटित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
- उम्मीदवार अपने जोखिम और खर्चों पर परीक्षा केंद्र में परीक्षा के लिए उपस्थित होंगे और भारतीय जीवन बीमा निगम किसी भी प्रकार की चोट या नुकसान आदि के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।
- उम्मीदवार को केवल एक केंद्र का चयन करना चाहिए और आवेदन पत्र में केंद्र का नाम इंगित करना चाहिए। उम्मीदवार द्वारा एक बार प्रयोग किए गए केंद्र का चयन अंतिम होगा।
- यदि पर्याप्त संख्या में उम्मीदवार "ऑनलाइन" परीक्षा के लिए किसी विशेष केंद्र का विकल्प नहीं चुनते हैं, तो भारतीय जीवन बीमा निगम उन उम्मीदवारों को किसी अन्य निकटवर्ती केंद्र आवंटित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है अथवा यदि ऑनलाइन परीक्षा के लिए किसी केंद्र पर उम्मीदवारों की संख्या उपलब्ध क्षमता से अधिक है तो भारतीय जीवन बीमा निगम

उम्मीदवार को किसी अन्य केंद्र को आवंटित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। उम्मीदवारों को ई–मेल और एसएमएस द्वारा परीक्षा की दिनांक/केंद्र/स्थान में किसी भी बदलाव के मामले में तदनुसार सूचित किया जाएगा।

- प्रारंभिक और मुख्य परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्रों की सूची **Annexure -1 में दी गई है** ।

**11. मण्डल कार्यालय का चयन:**

भारतीय जीवन बीमा निगम के सभी क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा भर्ती अधिसूचना जारी की जा रही है। **उम्मीदवार केवल एक मण्डल के लिए ही आवेदन कर सकता है।**

| क्र. | मंडल कार्यालय का नाम |
|---|---|
| 1 | कडपा |
| 2 | हैदराबाद |
| 3 | करीमनगर |
| 4 | मछलीपट्टनम |
| 5 | नेल्लोर |
| 6 | राजमुंदरी |
| 7 | सिकंदराबाद |
| 8 | विशाखापत्तनम |
| 9 | वारंगल |
| 10 | बंगलौर- I |
| 11 | बंगलौर- II |
| 12 | बेलगाम |
| 13 | धारवाड़ |
| 14 | मैसूर |
| 15 | रायचूर |
| 16 | शिमोगा |
| 17 | उडुपी |

***12. गारंटी बांड:***

***प्रशिक्षु विकास अधिकारी (ADO) के रूप में कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व , उम्मीदवारों को शामिल होने की तारीख (प्रशिक्षुता अवधि सहित) से कम से कम चार साल की अवधि के लिए भारतीय जीवन बीमा निगम की सेवा करने के लिए एक वचनपत्र देना होगा, जिसमें विफल होने पर वह या उसके उत्तराधिकारी, निष्पादक, प्रशासक भारतीय जीवन बीमा निगम को 3,00000 /- (रुपए तीन लाख मात्र) के परिसमापन हर्जाने का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी होंगे । उम्मीदवार को 3,00,000 /- (केवल तीन लाख रुपये ) का एक क्षतिपूर्ति बॉन्ड जमा करना होगा, जिस पर विधिवत मुहर लगी हो और उसे अच्छी वित्तीय स्थिति के ज़मानती द्वारा निष्पादित किया गया हो और वह उम्मीदवार से संबंधित न हो। बांड का स्टाम्प मूल्य उस राज्य के लिए लागू होगा जिसमें बांड निष्पादित किया गया है।***

**13 कदाचार/अनुचित साधनों के प्रयोग के दोषी पाए गए उम्मीदवारों के विरुद्ध कार्रवाई:**

•	उम्मीदवारों को उनके स्वयं के हित में सलाह दी जाती है कि वे कोई भी ऐसा विवरण प्रस्तुत न करें जो गलत हो, जिसके साथ छेड़छाड़ की गई हो या मनगढ़ंत हो और ऑनलाइन आवेदन जमा करते समय किसी भी महत्वपूर्ण जानकारी को छिपाना नहीं चाहिए।

•	**जिस परिसर में परीक्षा/साक्षात्कार आयोजित किया जा रहा है, उसके अंदर मोबाइल फोन, कैलकुलेटर, इलेक्ट्रॉनिक कैलकुलेटर, स्मार्ट वॉच, हेडफोन या कोई अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण रखने की अनुमति नहीं है।** उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे परीक्षा स्थल पर मोबाइल फोन सहित कोई भी प्रतिबंधित वस्तु न लाएं, क्योंकि इसे सुरक्षित रखने की व्यवस्था सुनिश्चित नहीं की जा सकती है।

•	भर्ती के किसी भी चरण पर, यदि कोई उम्मीदवार निम्नलिखित कारणों से दोषी पाया जाता है –

(i)	परीक्षा या साक्षात्कार के दौरान अनुचित साधनों का प्रयोग करना ।

(ii)	प्रतिरूपण करना या किसी व्यक्ति द्वारा दूसरे के स्थान पर परीक्षा देना या

(iii)	परीक्षा/साक्षात्कार हॉल में दुर्व्यवहार करना या किसी भी रूप में या किसी भी माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक या यांत्रिक रूप से, मौखिक या लिखित परीक्षा की सामग्री या उसमें किसी भी जानकारी का किसी भी उद्देश्य के लिए प्रकटीकरण, प्रकाशन, पुनरुत्पादन, प्रसारण, भंडारण या प्रसारण और भंडारण की सुविधा प्रदान करना , या

(iv)	अपनी उम्मीदवारी के संबंध में किसी अनियमित या अनुचित साधन का सहारा लेना या

(v)	अनुचित तरीकों से अपनी उम्मीदवारी के लिए समर्थन प्राप्त करना,

**ऐसे उम्मीदवार आपराधिक मुकदमा चलाने के लिए खुद को उत्तरदायी ठहराने के अलावा निम्नलिखित के लिए भी उत्तरदायी हो सकता है:**

(ए) जिस परीक्षा के लिए वह एक उम्मीदवार है उस से अयोग्य घोषित किया जाएगा;

(बी) निगम द्वारा आयोजित किसी भी परीक्षा से या तो स्थायी रूप से या निर्दिष्ट अवधि के लिए वर्जित किया जाएगा;

(सी) यदि वह निगम में पहले ही शामिल हो चुका है तो सेवा समाप्त कर दी जाएगी ।

## 14 बायोमेट्रिक डेटा-कैप्चरिंग और सत्यापन:

**a.** निम्नलिखित चरणों में भर्ती की प्रक्रिया के दौरान उम्मीदवार के बायोमेट्रिक डेटा (दाएं अंगूठे का निशान या अन्य) और उनकी तस्वीर ली जाएगी और सत्यापित की जाएगी :

(i) मुख्य परीक्षा के दौरान प्रवेश और निकास के समय;

(ii) साक्षात्कार से पहले दस्तावेज़ सत्यापन के समय;

(iii) प्रशिक्षण के लिए रिपोर्टिंग के समय।

**b.** इसकी स्थिति (मैच होना या न होना) के संबंध में बायोमेट्रिक डेटा सत्यापन प्राधिकरण का निर्णय अंतिम और उम्मीदवारों के लिए बाध्यकारी होगा।

**c.** उपर्युक्त में से किसी भी अवसर पर बायोमेट्रिक डेटा कैप्चरिंग/सत्यापन की प्रक्रिया में भाग लेने से इनकार करने पर उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है।

**d.** यदि उंगलियों पर लेप लगा हुआ है (स्याही/ मेहंदी / रंगीन आदि), तो उन्हें अच्छी तरह से धोना सुनिश्चित करें ताकि परीक्षा/साक्षात्कार/कार्य ग्रहण करने की तिथि से पहले लेप पूरी तरह से हट जाए ।

**e.** अगर उंगलियां गंदी या धूल भरी हैं, तो सुनिश्चित करें कि फिंगर प्रिंट (बायोमेट्रिक) लेने से पहले उन्हें धो व सुखा लें।

**f.** सुनिश्चित करें कि दोनों हाथों की उंगलियां सूखी हैं। यदि उंगलियां नम हैं, तो उन्हें सुखाने के लिए प्रत्येक अंगुली को पोंछ लें।

**g.** यदि पकड़ी जाने वाली पहली उंगली (दाहिना अंगूठा) घायल/क्षतिग्रस्त हो जाती है, तो तुरंत परीक्षण केंद्र में संबंधित प्राधिकारी को सूचित करें। ऐसे मामलों में अन्य अंगुलियों के निशान लिए जा सकते हैं।

**h.** कृपया ध्यान दें कि ऊपर उल्लिखित अवसरों के अलावा, एलआईसी अन्य चरणों में भी उम्मीदवारों के बायोमेट्रिक डेटा को कैप्चर/सत्यापित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

**15 आवेदन कैसे करें:**

**नियमन हेतु विस्तृत दिशा-निर्देश/ प्रक्रिया -**

**ए. आवेदन पंजीकरण।**
**बी. शुल्क का भुगतान।**
**सी. दस्तावेज़ स्कैन और अपलोड ।**

उम्मीदवार केवल 21.01.2023 से 10.02.2023 तक ही ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं एवं आवेदन का कोई अन्य तरीका स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**पंजीकरण से पहले ध्यान देने योग्य महत्वपूर्ण बातें**

ऑनलाइन आवेदन करने से पहले, उम्मीदवारों को निम्नलिखित दस्तावेजों को स्कैन करना चाहिए , यह सुनिश्चित करते हुए कि ये सभी स्कैन किए गए दस्तावेज बिंदु 'सी' के तहत दिए गए आवश्यक विनिर्देशों का पालन करते हैं, अर्थात दस्तावेज़ स्कैन और अपलोड करने के लिए दिशानिर्देश ।

1] फोटोग्राफ (4.5cm × 3.5cm)
2] हस्ताक्षर ( काली स्याही से)
3] बाएं अंगूठे का निशान (काली या नीली स्याही में सफेद कागज पर)
4] एक हस्तलिखित घोषणा (काली स्याही में एक सफेद कागज पर) (नीचे दिया गया पाठ)।

(i) **कैपिटल लैटर्स में किए गए हस्ताक्षर स्वीकार नहीं किए जाएंगे।**

(ii) **बाएं अंगूठे का निशान ठीक से स्कैन किया जाना चाहिए और धुंधला नहीं होना चाहिए । (यदि किसी उम्मीदवार का बायां अंगूठा नहीं है, तो वह आवेदन करने के लिए अपने दाहिने अंगूठे का उपयोग कर सकता है।)**

**(iii)** हस्तलिखित घोषणा इस प्रकार है –

**"I, _______ (Name of the candidate), hereby declare that all the information submitted by me in the application form is correct, true and valid. I will present the supporting documents as and when required."**

(iv) उपरोक्त हस्तलिखित घोषणा उम्मीदवार की लिखावट और केवल अंग्रेज़ी में होनी चाहिए । यदि यह किसी और द्वारा या किसी अन्य भाषा में लिखा और अपलोड किया गया है, तो आवेदन को अमान्य माना जाएगा।

(v) आवश्यक आवेदन शुल्क / सूचना प्रभारों का ऑनलाइन भुगतान करने के लिए आवश्यक विवरण/दस्तावेज तैयार रखें ।

(vi) एक वैध व्यक्तिगत ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर होना आवश्यक है, जिसे इस भर्ती प्रक्रिया के पूरा होने तक सक्रिय रखा जाना चाहिए। एलआईसी परीक्षा आदि के लिए कॉल लेटर डाउनलोड करने के लिए पंजीकृत ई-मेल आईडी के माध्यम से सूचना भेज सकता है ।यदि किसी उम्मीदवार के पास वैध व्यक्तिगत ई-मेल आईडी नहीं है तो उन्हे ऑनलाइन आवेदन करने से पहले अपनी नई ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर बना लेना चाहिए और दोनों को आगे के लिए बनाए रखना चाहिए।

**A. आवेदन पंजीकरण:**

उम्मीदवारों को अनिवार्य रूप से एलआईसी की वेबसाइट https://licindia.in/Bottom-Links/careers के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करना होगा । आवेदन का कोई अन्य साधन / मोड स्वीकार नहीं किया जाएगा । भारतीय जीवन बीमा निगम किसी भी संचार की प्राप्ति या हानि में किसी भी देरी के लिए कोई ज़िम्मेदारी नहीं लेता है।

1.01.01.2023 को पात्रता की शर्तों को पूरा करने वाले उम्मीदवारों को एलआईसी की वेबसाइट – https://licindia.in/Bottom-Links/careers पर लॉग इन करना आवश्यक है ।

2.अगर कोई उम्मीदवार आयु/योग्यता/अनुभव पर निर्धारित पात्रता मानदंड के अधीन एक से ज्यादा श्रेणियों ( अन्य (ओपन मार्केट) प्रवर्ग, एलआईसी एजेंट प्रवर्ग या एलआईसी कर्मचारी प्रवर्ग) के तहत आवेदन कर सकता है।
